>

Title: Request to governemnt to include the caste of OBC category for upcoming survey of population.

श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आदरणीय सदन का ध्यान जनगणना 2021 की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, जिसमें संख्या से ज्यादा होने वाले ओबीसी समूह की गणना बहुत सालों से सरकार द्वारा नहीं की जा रही है ।

अध्यक्ष महोदय, देश में वर्ष 1931 की जनगणना में आखिरी बार एकत्रित किए गए जातिगत आंकड़ों के आधार पर 52 प्रतिशत ओबीसी थे । इसी के आधार पर तैयार की गई मंडल आयोग की 27 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण की सिफारिशों के अनुसार तत्कालीन श्री वी. पी. सिंह सरकार ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी । आने वाली 16वीं जनगणना के लिए वर्ष 2021 का कार्यक्रम सरकार द्वारा जाहिर हुआ है । इसी संदर्भ में अगस्त और सितम्बर 2019 में जनगणना प्रीटैस्ट भी हुआ है, लेकिन इस प्रीटैस्ट के अनुसार प्रश्नावली के 13 नंबर कॉलम में ओबीसी (वीजे, एनटी, डीएनटी, एसबीसी) का उल्लेख नहीं है ।